कार्यालय पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी

प्रेस नोट

दिनांक- 20.06.2025

विषय:- भवन निर्माण स्थल से लोहे के छड़, लाइट के तार आदि चोरी करने के मामले में वांछित अभियुक्त अभिषेक प्रजापति उर्फ कल्लू को थाना लालपुर पाण्डेयपुर पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार किया गया, चोरी का माल बरामद।

श्रीमान पुलिस आयुक्त वाराणसी के चोरी/लूट/नकबजनी की घटनाओ के सफल अनावरण एवं वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के निर्देशन में, श्रीमान् अपर पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के पर्यवेक्षण में एवं श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त कैंट के कुशल नेतृत्व में थाना लालपुर पाण्डेयपुर पुलिस टीम द्वारा **"ऑपरेशन चक्रव्यूह"** के तहत मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0- 165/2025 धारा 305(a) बी0एन0एस0 बढोतरी धारा 317(2) बी0एन0एस0 थाना लालपुर पाण्डेयपुर कमिश्नरेट वाराणसी से संबंधित नामजद वांछित अभियुक्त अभिषेक प्रजापति उर्फ कल्लू पुत्र राजेश प्रजापति नि0 म0न0 सा 4/18 सी दौलतपुर उसरा पाण्डेयपुर थाना लालपुर पाण्डेयपुर वाराणसी को आज दिनांक- 20.06.2025 को समय करीब 04.00 बजे आवास विकास कालोनी से गिरफ्तार किया गया । अभियुक्त की निशानदेही पर कुल 46.5 किग्रा लोहे की छड़ व 1270/- रुपये नकद बरामद किया गया। उक्त गिरफ्तारी/बरामदगी के सम्बन्ध में थाना लालपुर पाण्डेयपुर पुलिस द्वारा आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है ।

घटना का विवरण-

दिनांक 19.06.2025 को वादी मुकदमा द्वारा अपने मकान निर्माण स्थल में सामान रखने हेतु बनायी गयी झोपड़ी से छड़ , लाइट का तार मजदूरो का कुछ सामान , तथा लगभग 2000 रुपया कैश विपक्षी अभिषेक प्रजापति उर्फ कल्लू द्वारा चोरी कर लेने के सम्बन्ध में लिखित प्रार्थना पत्र दिया, जिसके आधार पर थाना लालपुर पाण्डेयपुर में सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया जिसकी विवेचना उ0नि0 महेश मिश्रा द्वारा सम्पादित की जा रही है ।

पूछताछ का विवरण-

पूछताछ करने पर अभियुक्त कल्लू प्रजापति ने बताया कि मेरे पास इस बोरे में कुछ लोहे की छड़ है जिसे मैने इसी मोहल्ले के एक मकान से चुराया है , कुछ छड़ को मैने साइकिल व सगड़ी से आने जाने बाले कबाडियों को बेच दिया और उससे प्राप्त रुपये को खर्च हो गये हैं शेष छड़ को मैंने झाड़ियों में छिपा दिया था, उसी में से कुछ को आज बेचने के लिए निकालकर ले जा रहा था और पकड़ लिया गया।

<u>गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-</u>

अभिषेक प्रजापति उर्फ कल्लू पुत्र राजेश प्रजापति नि0 म0न0 सा 4/18 सी दौलतपुर उसरा पाण्डेयपुर थाना लालपुर पाण्डेयपुर वाराणसी उम्र 21 वर्ष।

<u>गिरफ़्तारी का स्थान, दिनांक व समय-</u>

आवास विकास कालोनी ,दिनांक- 20.06.2025 को समय करीब 04.00 बजे।

<u>बरामदगी का विवरण-</u>

चोरी का कुल 46.5 किग्रा लोहे की छड़ व 1270/- रुपये नकद बरामद ।

<u>आपराधिक इतिहास-</u>

1. मु0अ0सं0- 165/2025 धारा 305(a), 317(2) बी0एन0एस0 थाना लालपुर पाण्डेयपुर कमि0 वाराणसी ।

<u>गिरफ़्तारी/बरामदगी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-</u>

1. उ0नि0 महेश मिश्रा थाना लालपुर पाण्डेयपुर कमिश्नरेट वाराणसी ।
2. का. दिवाकर सिंह थाना लालपुर पाण्डेयपुर कमिश्नरेट वाराणसी ।
3. का. राजन कुमार थाना लालपुर पाण्डेयपुर कमिश्नरेट वाराणसी ।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त
वरुणा जोन, कमिश्नरेट वाराणसी।